



एक नजर में



### निशिका संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में बनीं कैप्टन

**सीहोर.** ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा निशिका नाथ का चयन कैप्टन के रूप में मप्र गर्ल्स बटालियन आर्मी विंग द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में हुआ है. शिविर वरिष्ठ एवं कनिष्ठ स्कंध के एनसीसी कैडेट्स के लिए 6 से 15 अक्टूबर तक आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में आयोजित किया जा रहा है. इस 10 दिवसीय कैम्प में कैडेट्स को ड्रिल, वेपन हैंडलिंग, फिजिकल फिटनेस, मैप रीडिंग, फायरिंग प्रैक्टिस, टीम वर्क, अनुशासन और सीआरपीएफ द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा. निशिका नाथ को पूर्व में एनसीसी ए ग्रेड सर्टिफिकेट मिल चुका है और चार बार जिलास्तरीय गणतंत्र एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह में एनसीसी दल की कमांड कर चुकी हैं. उनकी इस उपलब्धि में सहायक एनसीसी अधिकारी श्रीमती सोनम सेन एवं शिक्षिका ज्योति शर्मा का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा है. निशिका के चयन पर एड. जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन तथा सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने बधाई दी.




### कांग्रेस ने मृत बच्चों को श्रद्धांजलि देकर निकाला कैंडल मार्च

**आष्टा.** ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में सुभाष चौक पर मृत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित कर छिंदवाड़ा के परासिया में नकली कफ सिरप से हुई मासूम बच्चों की मौत पर कैंडल मार्च किया. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि इस मामले में दोषियों को कड़ी सजा दी जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं .कांग्रेसजनों ने मांग की कि मृतक बच्चों के परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए वा स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त किया जाए. गकार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, महेश मूंदीखेड़ी, जाहिद खान गुड्डू, कैलाश परमार, गुलाब बाई ठाकुर, राजाराम बड़े भाई, नरेंद्र कुशवाहा, एचआर परमार, सुनील कटारा, सन्नवर खान, खालिद पठान, जावल सिंह, मनीष खत्री, टोनी कोठारी, अर्जुन सिंह अजय, राहुल मेवाड़ा, मनीष डोंगरे, विक्रम सिंह बोरवेल, शैलेश राठौर, अमजद, नफीस शाह, राशिद, सुभाष नामदेव, रिजवान पठान, भूरू मुकाती, आशिक मंसूरी, राजकुमार मालवीय, कृपाल मालवीय,लोकेंद्र बनावट,प्यार पटेल, अरविंद मेवाड़ा,तौसीफ बाबा, फेजउद्दीन आदि उपस्थित थे.



### अम्बे माता के ज्योति जुलूस का प्रभु प्रेमी संघ ने किया स्वागत

**आष्टा.** नगर के खत्री समाज मन्दिर में अम्बे माता की अखंड ज्योति की स्थापना के साथ ही धूमधाम से गरबोत्सव और ज्योति विसर्जन जुलूस निकाली गया. चल समारोह में कृत्रिम गजराज और विराजित भगवान मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे. जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार एवं प्रभुप्रेमीजन ने आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहित खत्री, सुभाष नामदेव, ललित नागौरी, संतोष झंवर, राजेश गौतम संजीव गौतम, सुमित चौरसिया, सहित पूरी टोली का सम्मान किया. इस दौरान भक्तों ने मातृ भक्ति के भजनों पर गरबा नृत्य एवं भक्ति भी की. पूर्व नपाध्यक्ष एवं प्रभुप्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार, पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, एडवोकेट संजय जैन किला, पल्लव प्रगति ने भी पूजन एवं आरती में भाग लिया.



### भैरुंदा में नकली खाद का बड़ा जखीरा बरामद

**भैरुंदा.** क्षेत्र में नकली खाद के एक बड़े गोरखधंधे का पर्दाफाश हुआ है. ग्राम निमोटा के सरपंच वीरेंद्र सिंह की सजगता के बाद कृषि विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारकर उत्तम शक्ति पावर नामक ब्रांड की 290 बोरी नकली खाद जब्त की है. इस पूरे मामले का खुलासा निमोटा सरपंच वीरेंद्र सिंह की त्वरित सूचना से हुआ. शुक्रवार की सुबह सरपंच ने एसएडीओ भैरुंदा वीएस राज को मोबाइल पर सूचना दी कि कैलाश राजपूत नामक व्यक्ति गांवों के किसानों से जैविक खाद बताकर 40 किलोग्राम की बोरी 1500 में देने हेतु बुकिंग कर रहा है और अग्रिम राशि भी ले चुका है. सूचना पर एसएडीओ राज, एईओ विजेश हरियाले और नायब तहसीलदार मो. अनीस कुरैशी तत्काल पहुंचे. वहाँ तेजपाल सिंह राजपूत (नि. नालिया खेड़ी) और अजय राजपूत (नि. शमशाबाद, विदिशा) 80 बोरी उत्तम शक्ति पावर खाद लेकर मौजूद थे।टीम ने जब बोरियों की जाँच की तो पाया गया कि उसके अंदर कोयले की राख और मिट्टी भरी हुई है. यह देखते ही दोनों आरोपी अपनी मोटर साइकिलें छोड़कर मौके से फरार हो गए. सरपंच ने अधिकारियों को बताया कि नकली खाद का एक बड़ा जखीरा महागांव कदीम के कृषक सालिगराम के निजी गोदाम में भी रखा गया है. वहां छापा मारा तो गोदाम से 210 बोरी उत्तम शक्ति पावर नकली खाद और बरामद हुई. गोदाम मालिक ने खुलासा किया कि निमोटा के पुष्पेंद्र राजपूत ने फरार आरोपियों कैलाश राजपूत और अजय राजपूत के साथ मिलकर लगभग 600 से 700 बोरी नकली खाद का एक ट्रक लाकर उनके गोदाम में किराए पर रखा था. इसमें से500 बोरियां किसानों को पहले ही बेची जा चुकी हैं..

# तथाकथित चार अड़ीबाज पत्रकार गिरफ्तार

## रायसेन और मंडीदीप के हैं चारों पत्रकार, इनमें दो महिलाएं भी शामिल, देर रात थाना कोतवाली में मामला दर्ज



**सीहोर.** दवा विक्रेता संघ के कार्यकर्ताओं से बहसबाजी करते इन चारों तथाकथित पत्रकारों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है.

- जिले के कई मेडीकल स्टोर संचालकों को बनाया निशाना
- इन चारों के खिलाफ रेहटी थाने में भी हुआ प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 अक्टूबर. तथाकथित चार पत्रकारों की गैंग जिसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं. यह गैंग एक कार से शहर के मेडीकल स्टोर पर पहुंचती है. कार के कांच पर पुलिस और प्रेस के स्टीकर चिपके दिखते हैं. दुकानदार से गैंग की महिला द्वारा एर्बाशन किट मांगी जाती है. इस दौरान उसके साथ मौजूद दो तथाकथित पत्रकार वीडियो बनाते हुए ड्रग इंस्पेक्टर से शिकायत करने की बात करते हुए मेडीकल स्टोर संचालक पर रुपए देने का दबाव बनाते हैं. इस गैंग को गुरुवार को शहर के दवा विक्रेता संघ के सदस्यों द्वारा थाना कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया जहां देर रात चारों तथाकथित पत्रकारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया. इसी गैंग के खिलाफ रेहटी थाने में भी एक मेडीकल स्टोर संचालक ने प्रकरण दर्ज कराया है.**

जिला मुख्यालय के गंगा आश्रम स्थित मंडलोई मेडिकल स्टोर पर गुरुवार की दोपहर दो व्यक्ति व दो महिलाएं आए और मेडीकल स्टोर संचालक पवन वर्मा से बोले कि एवार्सन किट दे दो. पवन ने किट निकालते हुए कहा कि डाक्टर का पर्चा दिखाओ तो एक व्यक्ति ने किट देखने के लिए हाथ में लिया और फिर किट वापस देकर बोला हम पत्रकार हैं. उन्होंने अपना नाम अमित ठाकुर पिता धीरज सिंह ठाकुर वन्दे भारत लाईव टीव्ही न्यूज, प्रकाश दुबे पिता नरेश दुबे न्यू इण्डिया चैनल तथा दोनो लड़कियों ने अपना नाम संजना पति रामेश्वर मीना सुहानी इण्डिया न्यूज चैनल का बताया व एक लड़की ने अपना नाम शिवानी यादव पुत्री त्रिभुवन यादव बताया. उन्होंने मेडीकल स्टोर संचालक पवन वर्मा पर एबार्सन किट रखने और बेचने के नाम पर ड्रग इंस्पेक्टर से कार्यवाही करने का दबाब बनाकर 30 हजार रुपए की मांग की. पुलिस द्वारा देर रात चारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए उनकी कार व अन्य सामान जब्त करने की कार्रवाई की गई है.

### मामले की जांच के बाद करेंगे कार्रवाई

दवा विक्रेता पवन वर्मा के आवेदन की जांच करने के बाद अमित ठाकुर, प्रकाश दुबे, संजना और शिवानी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. इसके अलावा उनकी कार, मोबाइल और अड़ीबाजी से मिले पैसे भी जब्त किए हैं.

**रविन्द्र यादव,**
कोतवाली थाना प्रभारी

### एक दिन में कई मेडिकल स्टोर संचालकों से ऐंठे थे रुपए

अपने मेडीकल स्टोर पर अड़ी रखकर पैसे की मांग करने वाले पत्रकारों की जानकारी पवन वर्मा ने जब दवा विक्रेता संघ के पदाधिकारियों को दी तो पता चला कि यही लोग कृष्णा मेडिकल स्टोर कोल्हीपुरा के राजेन्द्र मेवाडा से 10 हजार रुपए लिए हैं तथा वैष्णवी मेडिकल क्रिसेन्ट चौराहा सोमेश वर्मा से, ताहीरी मेडिकल गुरूद्वारे के सामने ताहिर अली बुरहानी से भी इनके द्वारा अड़ीबाजी कर रुपए लिए गए हैं. इतना ही नहीं इस तथाकथित पत्रकार गैंग के अमित ठाकुर ने 16 अगस्त को ग्राम सतराना के मेडिकल स्टोर संचालक श्यामबाबू पर भी अड़ी डालकर ढाई हजार रुपए नगद और व ढाई हजार रुपए फोन पे पर लिए हैं. यह भी पता चला है कि आष्टा, इछावर, बुधनी, नसरुल्लागंज और रेहटी में भी इन लोगों ने इसी तरह पैसे की मांग की है.

### पुलिस के सामने भी दवा विक्रेताओं को हड़काते रहे

तथाकथित पत्रकारों की इस अड़ीबाजी को देख दवा विक्रेता संघ के सदस्य सक्रिय हुए और उन्हें हाईवे पर एक रेस्टोरेंट पर पकड़ लिया. इस दौरान तथाकथित पत्रकारों द्वारा मेडीकल स्टोर संचालकों को धमकाने में कोई कसर नहीं छोड़ी. इतना ही नहीं जब वहां डायल 112 के पुलिसकर्मी पहुंचे तब भी महिला पत्रकार मेडिकल संचालकों को धमकी देने से बाज नहीं आ रही थी. पुलिस सभी को थाने ले आई. जहां पवन वर्मा द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने चारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. बताया जाता है कि रेहटी तहसील के सतराना निवासी मेडीकल स्टोर संचालक श्यामबाबू द्वारा भी रेहटी थाने में इस गैंग के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है. सूत्रों की मानें तो इस गैंग के सरगना अमित ठाकुर के खिलाफ रायसेन जिले के देवरी व अन्य स्थानों पर भी अड़ीबाजी की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है.

### कार के कांच पर चिपका था पुलिस का लोगो

कोतवाली पुलिस ने जिन आरोपियों पर मेडिकल स्टोर संचालकों को धमकाकर जबरन वसूली का मामला दर्ज किया है, उनकी कार पर पुलिस का लोगो लगा मिला है. क्या मेडिकल दुकानों से वसूली कर रहे इन लोगों ने आसानी से बच निकलने की मंशा से अपनी गाड़ी पर पुलिस का लोगो लगा रखा था. नियमों के अनुसार किसी भी निजी वाहन पर पुलिस या किसी अन्य सरकारी विभाग का लोगो लगाना अवैध है या फिर इनके परिवार का कोई सदस्य पुलिस विभाग में मौजूद हैं. आरोपियों ने किस आधार पर या किसकी अनुमति से अपनी गाड़ी पर पुलिस का लोगो लगाया. क्या उनका सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से प्रदेश पुलिस के किसी अधिकारी या कर्मचारी से कोई संबंध है? क्या पुलिस के लोगो का इस्तेमाल अवैध वसूली को अंजाम देने के लिए प्लानिंग के तहत लगाया है. इन बातों का खुलासा पुलिस की पूछताछ में हो सकेगा.

### ट्रामा सेंटर के टायलेट में भ्रूण मिलने से सनसनी

**सीहोर.** शुक्रवार की सुबह शहर के जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर के लेडीज टायलेट में भ्रूण पड़ा होने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया. अस्पताल प्रबंधन द्वारा आनन- फानन में टायलेट के दरवाजे पर ताला जड़ते हुए पुलिस को सूचित किया गया, लेकिन सीसीटीवी फुटैज खंगालने के बाद भी प्रबंधन शाम तक इसका पता लगाने में नाकाम रहा कि आखिर कौन वहां भ्रूण फैंक गया. फिलहाल भ्रूण को पीएम के लिए मर्चुरी में रखा गया है. चर्चाओं में बने रहने वाले जिला अस्पताल में एक बार फिर अव्यवस्था और लापरवाही का आलम देखने को मिला. दिन के उजाले में जब ट्रामा सेंटर की ओपीडी में काफी चहल- पहल रहती है. अस्पताल के कर्मचारियों की मौजूदगी के दावे रहते हैं, उसके बावजूद ओपीडी के नजदीक बने लेडिज टायलेट में कोई भ्रूण फैंककर आराम से चलता बना और अस्पताल के जिम्मेदारों को भनक तक नहीं लगी. जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर के भूतल पर स्थित महिला शौचालय में शुक्रवार की सुबह लगभग 8.30 बजे महिला सफाईकर्मी साफ- सफाई करके गई थी तब वहां भ्रूण नहीं था, लेकिन 10.45 बजे जब वह पुन: सफाई करने पहुंची तो उसे भ्रूण पड़ा नजर आया. उसने बाहर आकर बताया. कुछ ही देर में पूरे अस्पताल में यह बात आग की तरह फैल गई.इस बीच अस्पताल प्रबंधन को सूचना मिली तो उन्होंने टायलेट के दरवाजे पर ताला लगवा दिया और पुलिस को सूचना दी. अस्पताल प्रबंधन ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी, लेकिन भ्रूण फैंकने वाले को कोई सुराग नहीं मिला. पुलिस ने भी अपने स्तर से छानबीन की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी. पुलिस ने भ्रूण को मर्चुरी में रखवाते हुए जांच प्रारंभ कर दी है.

## शाहगंज की युवती का शव बरखेड़ा के जंगल में मिला

- प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की आशंका बलवती
- पुलिस ने संदेही युवक को लिया हिरासत में

नवभारत न्यूज

**शाहगंज 10 अक्टूबर.** थाना क्षेत्र की 18 वर्षीय लापता युवती का शव औबेदुल्लागंज थाना क्षेत्र के बरखेड़ा जंगल में मिलने से सनसनी फैल गई है. प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग के चलते हत्या का प्रतीत हो रहा है.

बताया जाता है कि गत 8 अक्टूबर को युवती के अचानक लापता हो जाने पर उसके परिजनों ने शाहगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. 9 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे औबेदुल्लागंज थाना क्षेत्र के कैरी स्टॉप डेम के पास एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ. शव की पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया व सीसीटीएनएस के माध्यम से सूचना प्रसारित की. इसके बाद शाहगंज क्षेत्र के परिजनों ने शव की शिनाख्त 18 वर्षीय युवती के रूप में की.

औबेदुल्लागंज थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह ने बताया कि यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है. संदेह के आधार पर आरोपी दीपक गौर उर्फ जस्सी पुत्र रामकेश गौर निवासी पुरानी बस्ती शाहगंज को हिरासत में लिया गया है. आरोपी को औबेदुल्लागंज लाया गया है. जहां उससे पूछताछ जारी है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है. सूत्रों के अनुसार युवती और आरोपी युवक के बीच प्रेम संबंध थे. दोनों को घटना से पहले एक साथ बाइक पर जाते हुए देखा गया था. घटना की गंभीरता को देखते हुए औबेदुल्लागंज थाना पुलिस की टीम ने शाहगंज पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आरोपी से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### लापता ग्रामीण का शव पड़ोस के गांव से बरामद

**सीहोर.** थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम खामलिया निवासी ग्रामीण का शव पास के ग्राम नरेला के समीप मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया. ग्रामीण गुरुवार से लापता था. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा है. थाना कोतवाली ग्राम नरेला के समीप सड़क से कुछ दूर एक ग्रामीण का शव पड़ा मिलने की जानकारी पुलिस को मिली. मौका मुआयना करने के दौरान पुलिस ने जब शिनाख्त की तो शव ग्राम खामलिया निवासी 62 वर्षीय बाबूलाल मेवाड़ा का निकला. वह गुरुवार की शाम अपने घर से निकला था और जब रात में वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश प्रारंभ की, लेकिन कोई पता नहीं चला. आज नरेला के पास शव मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है.

## करणी सेना महिला प्रदेशाध्यक्ष बनीं किरण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 अक्टूबर.** राजपूत युवा संगठन श्री राजपूत करणी सेना एकीकृत राजपूत युवा संगठन में वरिष्ठ समाजसेवी किरण सिंह राजपूत को महिला प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

श्री राजपूत करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष सहेंन्द्र सिंह दिखित की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना द्वारा श्रीमती किरण सिंह को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है. रिटायर्ड पुलिस अधिकारी जीएस ठाकुर की सुपुत्री किरण शुरू से ही समाजहित में लगातार सक्रिय रही हैं. समय- समय पर उनके द्वारा अनेक सामाजिक गतिविधियों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जाकर समाज में विशिष्ट स्थान



प्राप्त किया गया है. उनकी इस उपलब्धि पर जिले सहित आसपास के अनेक जिलों के राजपूत समाज एवं करणी सेना सदस्यों आदि ने बधाई दी है. इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह राजपूत ने करणी सेना के वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह उनके मार्गदर्शन में समाज के हित में सदैव प्रयासरत रहेंगी.

## इंदौर के विद्यार्थियों ने किया गांवों का भ्रमण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 अक्टूबर.** भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर के 36 सदस्यीय विद्यार्थियों के दल ने जिले के ग्रामों में भ्रमण किया.

दल ने स्व सहायता समूह और अन्य आजीविका गतिविधियों का अध्ययन किया. दल ने जिले में चल रही योजनाओं, समूह गतिविधियों, प्रबंधकीय प्रणाली एवं क्रियान्वयन के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा बैंकर्स से मुलाकात कर लो ऑफ फंड प्रक्रिया, ऋण वापसी आदि पर रिपोर्ट तैयार की. दल ने लखपति दीदियों से चर्चा, जैविक खेती, फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी, समूह एवं समूह संगठनों का आंतरिक ऑडिट के क्रियान्वयन एवं योजनाओं को समझा. भ्रमण का समापन सत्र जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया. समापन के दौरान दल के विद्यार्थियों ने जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव से भेंट की और पीपीटी के माध्यम से जिला पंचायत सीईओ को अपने भ्रमण अनुभवों के बारे में जानकारी दी.

## बालिका की मौत पर कांग्रेस नेताओं ने की संवेदना व्यक्त

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 अक्टूबर.** जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती एवं पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने डॉक्टर की लापरवाही से हुई बालिका की मौत के बाद पीड़ित परिवार से मिलकर परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की.

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार की वेदना है कि उनकी कोई सुनने वाला नहीं है. न ही अभी पीड़ित परिवार को सरकार की तरफ किसी भी प्रकार



की आर्थिक मदद भी नही की गई है और नाही कथित डॉक्टर पर अभी एफआईआर दर्ज तक नहीं हुई है और न ही उक्त विवादित अस्पताल को बंद कराए जाने की कार्यवाही हुई है. प्रशासन मांग की जाती है कि पीड़ित परिवार को तत्काल उचित आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए एवं लापरवाह डॉक्टर के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाए.

श्री गुजराती ने कहा बरखेड़ी में हॉस्पिटल 10 माह से अवैध चल रहा था. इस अनदेखी का परिणाम यह हुआ कि अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा गलत इंजेक्शन लगाया गया. जिससे दो वर्षीय दीक्षा कुशवाह की मौत हो गई. दु:ख की बात तो यह है कि पीड़ित परिवार की कोई सुनने को तैयार नहीं है और अस्पताल अभी भी संचालित है.

**दौरा** ▶ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी आष्टा की कृषि उपज मंडी में पहुंचे व किसानों से की चर्चा

## भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान आत्महत्या को विवश

नवभारत न्यूज

**आष्टा 10 अक्टूबर.** शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कृषि मंडी का आकस्मिक दौरा करके मंडी में नीलामी प्रक्रिया देखने के साथ उपस्थित किसानों से चर्चा की.

जहां किसानों ने बताया कि एक व्यक्ति जिसके पास चार एकड़ जमीन है उसे 4 क्विंटल सोयाबीन हुआ और जो 3950 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बिका सोयाबीन सही से पैदा होता तो उतनी जमीन में 80 हजार का सोयाबीन निकलता परंतु फसल खराब होने और भाव कम होने के कारण उसे मात्र 16 हजार रुपए मिले. इस पर प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है कि किसानों को भावांतर योजना में उलझने की जगह सीधा उनके खाते में 20 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से नगद राशि डालिए. ताकि किसान अपने परिवार का जीवन यापन कर सके. क्योंकि फसल खराब होने और उनको मुआवजा और फसल का भाव नहीं मिलने के कारण किसान हताश और परेशान है जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में भी किसानों ने आत्महत्या जैसा कदम उठाना शुरू कर दिया है. यदि सोयाबीन के किसानों को 20 हजार रुपए प्रति एकड़ की राशि देती है तो मैं यह घोषणा करता हूं कि सीएम और कृषि मंत्री का नागरिक अभिनंदन करूंगा.

जीतू पटवारी ने भावांतर योजना पर मुख्यमंत्री और उनके मंत्री और भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब समर्थन मूल्य 5328 रुपए है तो फिर किसान से सीधा सोयाबीन समर्थन मूल्य से ऊपर खरीद जाना चाहिए और भावांतर में किसानों को 500,700,800 रुपए मिलेंगे जिसके लिए भाजपा नेता और मंत्री मु यमंत्री के प्रति आभार रैली निकाल रहे हैं. किस बात की आभार रैली किसानों को उनकी फसल का सही भाव नहीं मिलने के लिए या किसानों को उनकी खराब हुई फसल का मुआवजा एवं बीमा नहीं देने के लिए आभार रैली निकाली जा रही है. मांग करते हैं कि किसान कोई कांग्रेस बीजेपी का नहीं होता है. किसान की हर हाल में मदद करना चाहिए और उनकी मदद करने के लिए प्रत्येक किसान को प्रति एकड़ 20 हजार रुपए की राशि नगद उसके खाते में डालना चाहिए.

### पति की दीर्घायु के लिए रखा करवा चौथ व्रत

**बुधनी.** शुक्रवार को पूरे देश में पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा. महिलाओं ने रात में चांद को देखने के बाद व्रत खोला. नगर में भी सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा है. महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए इस दिन निर्जल रहती हैं. महिलाएं सोलह श्रृंगार कर शाम को पूजा के बाद चंद्रमा के दर्शन करने के बाद पति की पूजा करती हैं. इसके बाद महिलाएं अपने पति के हाथों पानी पीकर व्रत खोलती हैं. करवा चौथ के मौके पर नगर में जगह-जगह महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवाचौथ की कथा सुनी व शिव-पार्वती, करवा माता, गणेश और चंद्रमा की पूजा की.